भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1539
बुधवार, 4 मार्च, 2020/14 फाल्गुन, 1941 (शक)

## नई नौकरियों का सृजन

1539. श्री जी॰सी॰ चन्द्रशेखरः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में रोजगार के संबंध में, जो कि वर्तमान में देश की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, गहन दृष्टि क्या है;

(ख) क्या नौकरी सृजन का रिकार्ड बद से बदतर होता जा रहा है क्योंकि विगत पांच वर्षों के दौरान कुछ ही मिलियन निवल नौकरियों का सृजन किया गया है;

(ग) सभी क्षेत्रों में नौकरियों के सृजन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) एवं (ख): नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, पर्याप्त निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को गति प्रदान करने और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) तथा दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जोकि क्रमश: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित हैं, जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

सरकार ने स्व-रोजगार को सुकर बनाने के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आरंभ की है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का गैर-जमानती ऋण प्रदान किया जाता है।

प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) की फ्लैगशिप योजना है। इस कौशल प्रमाणीकरण योजना का उद्देश्य बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को उद्योग-संगत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करवाना है, जो बेहतर आजीविका प्राप्त करने में उनकी सहायता करेगा।

इन पहलों के अतिरिक्त, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, जीर्णोद्धार एवं शहरी रूपांतरण हेतु अटल मिशन, सभी के लिए आवास, अवसंरचना विकास तथा औद्योगिक गलियारे जैसे सरकार के फ्लैगशीप कार्यक्रमों में उत्पादक रोजगार के अवसर सृजित करने की संभावना है। युवाओं की नियोजनीयता में सुधार करने तथा नियोजन की सुविधा भी प्रदान करने के लिए मंत्रालय/विभाग/राज्य विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास योजनाएं चलाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्द्धन योजना (एनएपीएस) जैसी योजनाएं, जिनमें सरकार शिक्षुओं को देय वृत्तिका के 25 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति करती है, भी रोजगार प्राप्त करवाने हेतु युवाओं की नियोजनीयता को बढ़ाती हैं।

(ग) एवं (घ): राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) तथा श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों (जिसमें सार्वजनिक एवं निजी दोनों शामिल हैं) का सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात नीचे दिया गया है:

| कामगार जनसंख्या अनुपात (% में) | |
|---|---|
| सर्वेक्षण के वर्ष | अखिल भारत |
| **2017-18 (पीएलएफएस)** | **46.8** |
| श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण | |
| **2015-16** | **50.5** |
| **2013-14** | **53.7** |
| **2012-13** | **51.0** |

(टिप्पणी: पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

इसके अतिरिक्त, क्षेत्रों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर कामगारों का अनुमानित प्रतिशत वितरण नीचे दिया गया है:

| क्षेत्र / वर्ष-वार | श्रम ब्यूरो द्वारा सर्वेक्षण | | एनएसओ द्वारा सर्वेक्षण |
|---|---|---|---|
| | **2013-14** | **2015-16** | **2017-18*( पीएलएफएस)** |
| प्राथमिक | **48.3** | **47.0** | **44.10** |
| द्वितीयक | **22.4** | **22.0** | **24.80** |
| तृतीयक | **29.3** | **31.0** | **31.10** |

(टिप्पणी: *पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

*****